क्रमांक / छगस्वावितविवि / प्रशा. / 2024 / ...1253 भिलाई, दिनांक ...12-12-2024

अधिसूचना

कार्य–परिषद् की 129वीं बैठक दिनांक 09–12–2024 में लिये गये निर्णयानुसार यह अधिसूचित किया जाता है कि जो नियमित विद्यार्थी जुलाई 2022 या इसके पूर्व बी.टेक., बी. फार्मेसी एवं डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश लिये हैं, उन्हें उच्चत्तर सेमेस्टर (5th एवं 7th सेमेस्टर) की परीक्षा में सम्मिलित होने का एक अंतिम अवसर नवम्बर–दिसम्बर 2024 की परीक्षा में प्रदान किया जाता है।

विद्यार्थियों को पंचम एवं सप्तम सेमेस्टर की परीक्षा में निम्नलिखित शर्तों के तहत सम्मिलित होने की अनुमति प्रदान किया जाता है:–

1) इस अवसर को उच्चत्तर सेमेस्टर में प्रवेश हेतु पात्रता की शर्तों को पूरा करने का "अंतिम अवसर" माना जावे एवं भविष्य में विद्यार्थी द्वारा इस संबंध में कोई न्यायिक प्रक्रिया प्रचलित नहीं की जायेगी।
2) यह अवसर केवल नवम्बर–दिसम्बर 2024 की परीक्षा तक सीमित रहेगा एवं इसकी पुर्नरावृत्ति नहीं होगी।
3) न्यूतम अर्हता की शर्तों के अनुसार बैकलॉग परीक्षा उत्तीर्ण होने की स्थिति में उच्चत्तर सेमेस्टर में अस्थायी रूप से प्रमोट किये गये विद्यार्थी का परीक्षा परिणाम घोषित किया जायेगा।
4) जो विद्यार्थी न्यूनत्तम अर्हता की शर्तों के अनुसार बैकलॉग परीक्षा में असफल रहते हैं, उन्हें उच्चत्तर सेमेस्टर में निरूद्ध (Detained) माना जायेगा।
5) परीक्षा फार्म भरने के निर्धारित समयावधि से यदि कोई विलंब शुल्क लगता है, तो परीक्षा फार्म भरने के अंतिम दिवस तक की स्थिति में विलंब शुल्क विद्यार्थी द्वारा वहन किया जायेगा।

उपरोक्त शर्तो का शपथ–पत्र विद्यार्थी से लिया जावे। शपथ–पत्र की अनिवार्यता महाविद्यालय द्वारा सुनिश्चित करने के पश्चात् ही छात्रों को परीक्षा में सम्मिलित होने दिया जावेगा।

(मा. कार्यपरिषद के निर्णयानुसार)

12/12/24

कुलसचिव
छगस्वावितविवि, भिलाई

प्रतिलिपिः

1) विश्वविद्यालय से संबद्ध समस्त महाविद्यालयों / संस्थाओं को सूचनार्थ।
2) विश्वविद्यालय सूचना पटल एवं विश्वविद्यालय के वेबसाइट में प्रदर्शित करने हेतु।
3) संचालक, तकनीकी शिक्षा, छत्तीसगढ़ शासन, रायपुर (छ.ग.) को सादर सूचनार्थ।